की बकाया धनराशि के बारे में 6 दिस्म्बर, 1981 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3981 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि मैसर्स टाटा कैमिकल्स, मीठापुर, गुजरात की ओर कर्मचारी राज्य बीमा योजना की 1,08,268.16 रुपये तथा 7653.00 रुपये की बकाया धनराशि की वसूली के लिये सरकार ने क्या उपाय किए हैं तथा ऐसा करने में सरकार को किन कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ?

श्रम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री धर्म वीर) : : कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने सूचित किया है कि नियोजक ने 1,08,268.16 रुपये की वसूली के बारे में ई० आई० कोर्ट में चुनोती दी है और रोधनादेश प्राप्त किया है । इस राशि को वसूल करने के लिए आगे कार्यवाही रोधन आदेश रद्द कर दिए जाने के बाद की जाएगी । जहां तक 7,653 रुपये की राशि का संबंध है, यह पता लगा है कि यह राशि एक खदान में नियोजित उन श्रमिकों के संबंध में है, जो इस समय कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंर्तगत नहीं आते । अतः यह राशि नियोजक से वसूल नहीं की जानी है और इसे बकाया राशियों की सूची में से निकाल दिया गया है ।

कोटा परमाणु बिजली परियोजना में कुप्रबंध

1977. श्री कृष्ण कुमार गोयल : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान की कोटा परमाणु बिजली परियोजना में निरन्तर दोष उत्पन्न हो रहे हैं तथा वहां कुप्रबंध व्याप्त है ;

(ख) इस परमाणु बिजलीघर पर कितनी धनराशि लगाई जा चुकी है; कितनी बार इसमें बड़े दोष उत्पन्न हो चुके हैं तथा यह कब से बन्द पड़ी है ; और

(ग) क्या सरकार का विचार इस संबंध में कोई जांच कराने का है तथा इस बिजलीघर में पुनः काम शुरू हो जायेगा ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी, इलैक्ट्रोनिकी तथा पर्यावरण और महासागर विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्री सी० पी० एन० सिंह) : (क) से (ग) राजस्थान परमाणु बिजली घर के कार्य का मूल्यांकन तकनीकी दृष्टि से करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की गई है । राजस्थान परमाणु बिजलीघर की कुल लागत 175.81 करोड़ रुपये थी । उपकरणों में जो बड़े दोष उत्पन्न हुए हैं वे टर्बाइन, एंड शील्ड और माडरेटर हीट एक्सचेंजर से संबंधित थे । पहला यूनिट एक एंड शील्ड के फिर से रिसने वाले एक स्थान की मरम्मत के उद्देश्य से 4.3.1982 को बंद किया गया था । दूसरा यूनिट टर्बाइन में आई खराबी को दूर करने के लिए 20-1-1982 को बंद किया गया था । दूसरे यूनिट को 26-6-82 को ग्रिड के साथ फिर से मिला दिया गया और उसे ग्रिड की वोल्टेज को बहुत ज्यादा घटने-बढ़ने तथा उपस्करों की खराबी के कारण 5-7-82 को बंद कर दिया गया । दोनों यूनिटों को यथाशीघ्र फिर से चालू करने का प्रयास किया जा रहा है ।

Sale of Non-Judicial Stamp Paper and Stamps in Delhi

1978. SHRI RAM LAL RAHI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether he is aware of long queues and torturous wait for getting